


# शहर के कृष्णनगर चौराहे पर पाइप लाइन फूटी

## बह गया सैकड़ों लीटर पानी, आए दिन कहीं न कहीं पाइप लाइन से निकल रहे बुलबुले या फब्बारे

नवभारत न्यूज

**सतना 6 फरवरी. शहर के कृष्णनगर चौराहे पर शुक्रवार को लोगों के लिए उस वक्त मुसीबत खड़ी हो गई जब पाइपलाइन फूटने से सैकड़ों लीटर पानी बहने लगा. घटना सामने आने पर सक्रिय हुए ननि की पेयजल शाखा के अमले ने कुछ घंटे बाद मरम्मत करते हुए खामी को दुरुस्त कर लिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्णनगर चौराहे पर मुख्य मार्ग के नीचे स्थित पाइप लाइन शुक्रवार को



अचानक फूट पड़ी. जिसके चलते पानी बहते हुए आस पास के क्षेत्र का प्रभावित करने लगा. पानी का दबाव अधिक होने के कारण उक्त स्थान पर सड़क की ऊपरी परत भी उखड़ गई. बताया गया एसपीडी पाइप यानी डिस्ट्रीब्यूशन लाइन की पाइपलाइन फूट गई थी. जिसके पीछे की वजह थर्मल इफेक्ट अथवा ऊपरी दबाव के चलते होने के तौर पर सामने आई. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर ननि की पेयजल शाखा का अमला सक्रिय हो गया. कुछ घंटों की मशक्कत के बाद पाइपलाइन को दुरस्त कर लया गया. लेकिन इस दौरान सैकड़ों लीटर पानी बेकार बहता रहा. वहीं पाइन लाइन फूटने के कारण आस पास के घरों की जलापूर्ति पर भी असर पड़ा.

# प्रशासन की मुस्तैदी से रुका बाल विवाह

## सोलह वर्षीय बालिका को मिली नई जिंदगी

नवभारत न्यूज

**सतना 06 फ़रवरी. सतना जिले के नागौद विकासखण्ड में प्रशासन की सक्रियता से एक नाबालिग लड़की के होने जा रहे विवाह को ऐन वक्त पर रोक दिया गया।**

चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 से मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने इस सामाजिक बुराई को होने से बचा लिया। परियोजना अधिकारी इन्द्रभूषण तिवारी को सूचना मिली थी कि जसो थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय बालिका का विवाह तय किया गया है। एसडीएम



अनिकेत शांडिल्य के निर्देशन में जब मामले की गहन तहकीकात की गई, तो पता चला कि विवाह नागौद थाना क्षेत्र के ग्राम रहिकवारा में संपन्न होने वाला है। एसडीएम के निर्देश पर नागौद टीआई अशोक पाण्डेय और जसो टीआई बृजभान सिंह की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही की। पुलिस टीम ने रहिकवारा पहुंचकर वर पक्ष को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, जिसके बाद वे विवाह रोकने पर सहमत हुए। परियोजना अधिकारी और पुलिस टीम ने बालिका के घर पहुंचकर उम्र का सत्यापन किया और परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों व कानूनी सजा के बारे में विस्तार से समझाया।

# मां दुर्गा मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

## चुराया गया घंटा और साइकिल बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 6 फरवरी. सतना-पन्ना मुख्य मार्ग पर पन्ना नाका क्षेत्र में स्थित मां दुर्गा मंदिर परिसर में हुई चोरी के मामले में 4 दिन बाद पुलिस ने एक आरोपी को दबोच लिया. आरोपी के पास से मंदिर से चुराया गया घंटा और साइकिल बरामद कर लिया गया. जबकि डीवीआर की तलाश की जा रही है.**

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी रावेंद्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना नाका क्षेत्र में स्थित मां दुर्गा मंदिर की देख रेख करने वाले प्रदीप पाण्डेय द्वारा 2 फरवरी को चोरी की घटना की शिकायत की गई थी. 1 फरवरी की रात को मंदिर परिसर से 11 किलो वजनी घंटा, साइकिल और डीवीआर



चोरी हो गया था. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर मुखबिरों को सक्रिय किया गया. जिसके चलते प्रमुख संदेही के तौर पर सुनील स्वीपर पिता महादेव उम्र 50 वर्ष निवासी राजेंद्र नगर गली नंगर 16 का नाम सामने आया. लिहाजा पुलिस ने उसे दबोचते हुए पूछताछ की. पुलिस की सख्ती के चलते सुनील ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया. जिसकी तस्दीक पर पुलिस द्वारा चुराया गया घंटा और साइकिल बरामद कर ली. इसी कड़ी में चुराए गए डीवीआर की तलाश की जा रही है.

# दो बदमाशों ने दिन दहाड़े सरेराह महिला के गले से मंगलसूत्र छीना

## महिला और परिजनों का दावा गर्दन में इंजेक्शन लगाकर दिया घटना को अंजाम

नवभारत न्यूज

**सतना 6 फरवरी. चलती बस में महिला के पर्स से लाखों रुपए के जेवर और नकदी उड़ाने के मामले में पुलिस कर पाती कि इसी तरह की एक और घटना ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए.**

बस स्टैण्ड से सटे बिरला मार्ग पर दिन दहाड़े सरे राह एक महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया गया. इस घटना को कहीं अधिक गंभीर इसलिए भी माना जा रहा है क्योंकि पीड़ित महिला व परिजनों के अनुसार बदमाशों ने चोरी छिपे पीछे से गर्दन में कोई इंजेक्शन लगाने के बाद घटना को अंजाम दिया. जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहास निवासी श्रीमती सत्यवती शर्मा पति रमाकांत उम्र 43



वर्ष गुरुवार को अपने गांव से सतना स्थित माएके जाने के लिए निकलीं. पुराने बस स्टैण्ड पर उतरने के बाद वे अपने बेटे उमाकांत का इंतजार करने लगीं. इसी दौरान दो लड़के उनके पास पहुंचे और स्वयं का शहर में अजनबी बताते हुए वहां के बारे में पूछना शुरु कर दिया. बातों में उलझाकर एक लड़का सत्यवती के पीछे की ओर गया और पलक झपकते ही गर्दन के पिछले हिस्से पर इंजेक्शन जैसा कुछ चुभो दिया. जिसका असर होते ही सत्यवती अपनी सुध बुध खो बैठीं. इसी का फायदा उठाते हुए दोनों बदमाश उन्हें पुष्पांजलि नर्सिंग होम से होते हुए बिरला रोड की ओर ले गए. जहां पर पुराने बस डिपो के बगल में स्थित ट्रांसफार्मर की ओर ले जाते हुए मौका देख उनके गले से मंगलसूत्र छीन लिया. महिला का मंगलसूत्र छीनने के बाद बदमाश आटो में सवार होकर बदखर की ओर चले गए. बदमाश इतने शातिर थे कि इंजेक्शन के असर के चलते उन्होंने महिला के हाथ से मोबाइल लेकर फौरन उसे बंद कर दिया. जबकि उस दौरान उनका बेटा उमाकांत उन्हें बस स्टैण्ड परिसर में खोजता रहा. काफी देर बाद खोजते हुए जब बेटा बिरला रोड की ओर पहुंचा तो वहां पर उपनी मां को खड़ा पाया.

बेटे के अनुसार उस समय तक भी उनकी मां को इस बात का आभास नहीं था कि उनके गले का मंगलसूत्र छीन लिया गया है. जब उसका ध्यान गया तो पूछने पर मां ने पहले गले और फिर अपने झोले में मंगलसूत्र खोजने का प्रयास किया. बताया गया कि इंजेक्शन के असर के चलते बस स्टैण्ड से बार जाने और वहां पर मंगलसूत्र छीन लिए जाने जैसी घटना के बारे में मां कुछ भी नहीं बता पा रही थीं. काफी प्रयास करने के बावजूद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो फिर कोलगवां थाने पहुंचकर शिकायत की गई. इसके साथ ही इंजेक्शन की वजह से शरीर पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव की आशंका के चलते पीड़ित महिला का उपचार मेडिसिन चिकित्सक डॉ. एस पी तिवारी से कराया गया.

### पुलिस का लचर रवैया

पीड़ित महिला के बेटे उमाकांत के अनुसार फिलहाल पुलिस की भूमिका केवल प्रकरण दर्ज कर फरियादी को चलता कर देने तक सीमित नजर आ रही है. पुलिस के लचर रवैऐ को देखते हुए उन्होंने स्वयं घटनास्थल के आस पास मौजूद प्रतिष्ठानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, और घटनाक्रम-संदिग्धों के वीडियो पुलिस को सौंपे. लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस द्वारा फुटेज को देखने समझने और सक्रिय होने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई. नकारात्मकता से भरी कार्यशैली के चलते थाने में बार बार उन्हें यही कहा जा रहा है कि आरोपी बाहरी हैं, नहीं मिलगें, यदि मिल भी गए तो सामान नहीं मिलेगा, उनकी जमानत हो जाएगी आदि-आदि.

### ऐन वक्त पर बिजली गुल

बस स्टैण्ड से सटे बिरला मार्ग पर आटो में बैठने के बाद बदमाश आगे की ओर निकले. लिहाजा स्मार्ट सिटी मद के अंतर्गत लगे सीसीटीवी कैमरों का सहारा लिया गया. जिसमें उक्त आटो बढ़या तक जाता नजर आया. लेकिन ऐन उसी वक्त पर उस क्षेत्र में 5 मिनट के लिए बिजली चली गई. लिहाजा सीसीटीवी कैमरे बंद हो जाने के कारण यह मालुम नहीं हो पा रहा है कि दोनों बदमाश बढ़इया से आगे जाने के बाद किस ओर मुड़ कर कहां निकल गए. जिसके चलते पुलिस को पल्ला झाड़ने का एक और मौका मिल गया.

# महापौर ने सवा तीन करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 फरवरी. आज महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने नगर विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जोन क्रमांक 01 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01, 02, 03, 04 एवं 26, 28, 29 तथा 31 से 34 तक कराए जाने वाले डामरीकरण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन विकास कार्यों पर कुल 3.10 करोड़ की लागत आएगी।**



यह डामरीकरण कार्य क्षेत्र की सड़कों को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने के साथ.साथ नागरिकों की दैनिक आवागमन सुविधा को और अधिक सुगम बनाएगा। नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए हमारा संकल्प है कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार निरंतर एवं प्राथमिकता के साथ किया जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार वार्ड क्रमांक 31 के पार्षद रामकुमार तिवारी वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद संजू यादव वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद वाल्मीकि मल्लाह अवधेश सिंह जितिन यादव रमेश यादव छोटू यादव नगर निगम की इंजीनियर ऋचा गौतम महिमा विश्वकर्मा संविदाकार लिटिल सिंह सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# संगठन को मजबूत करने पर दिया पदाधिकारियों ने बल

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 फरवरी. जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष एवं सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहरए सतना के अध्यक्ष आरिफ़इकबाल सिद्दीकी की उपस्थिति में प्रातः 12रू00 बजे कांग्रेस कार्यालयए सतना में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक को संबोधित करते हुए श्री सिद्धार्थ कुशवाहा जी ने कहा कि संगठन को नीचे से ऊपर तक मजबूत



करना समय की आवश्यकता है। वार्ड कमेटियों के गठन से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिलेगी और कांग्रेस की विचारधारा को घर.घर तक पहुँचाने में मदद मिलेगी। आरिफ़ इकबाल सिद्दीकी ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं और वार्ड स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा कर ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन सृजन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से संगठन सृजन को लेकर वार्ड कमेटी एवं मंडलम अध्यक्षों के गठन पर गहन विचार.विमर्श हुआ। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा तथा प्रत्येक वार्ड से 100-100 सक्रिय कांग्रेसजनों के नाम प्रस्तावित किए जाएंगे.

# जनपद सोहावल का नया भवन सवा 5 करोड़ में बनेगा

नवभारत न्यूज

**सतना 06 फ़रवरी. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग म.प्र. शासन द्वारा सतना जिले के जनपद पंचायत सोहावल के सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन निर्माण के लिए 5 करोड 25 लाख 67 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।**

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने सोहावल के भ्रमण के दौरान मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण कर चिन्हांकन



किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह, एसडीएम एलआर जांगडे, सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह, अधीक्षण यंत्री विद्युत प्रशांत सिंह, कार्यपालन यंत्री आरईएस लाजरूस केरकेट्टा, तहसीलदार सौरभ द्विवेदी, जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी सहित राजस्व और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धवारी का निरीक्षण किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 फरवरी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा मनोज शुक्ला द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धवारी का औचक निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध मैनेजमेंट किट का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की समग्र मॉनिटरिंग की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने फार्मासिस्ट मनोज त्रिपाठी से औषधि भंडारण एवं औषधि वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक



दिशा.निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के अंतर्गत कंप्यूटर कक्षए लैबए फार्मेसीए औषधि वितरण केंद्रए ड्रेसिंग रूम सहित केंद्र के समस्त प्रमुख विभागों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रशासनिक अधिकारी संबेंद्र सिंह डीएचओ डा नलिनी शुक्ला डीसीएमडाज्ञानेश मिश्र नर्सिंग ऑफिसर श्रीमती शमी वर्मा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर श्रीकांत सतनामी एवं अभिषेक सिंह सहितअन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सतना एयरपोर्ट के रनवे विस्तार पर सांसद ने की अफसरों के साथ बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 फरवरी. सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने शुक्रवार को राजीव गांधी भवनए नई दिल्ली में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया एएआई के चेयरमैन मेंबर प्लानिंग तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सतना हवाई अड्डे के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।**

सांसद व अफसरों के बीच की बैठक का मुख्य फोकस सतना एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई बढ़ाने और हवाई परिचालन को जल्द से जल्द शुरू करने पर रहा। सांसद श्री सिंह ने इस बैठक को क्षेत्र की एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने और समग्र विकास को गति प्रदान करने की बड़ी कवायद बताया है और मामले में जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आने की बात गणेश सिंह ने कही है। सांसद गणेश सिंह ने अधिकारियों को सतना एयरपोर्ट की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट आज का नहीं हैए बल्कि पुराना है जहां पहले बड़े विमानों का संचालन होता था। उन्होंने बताया कि पहले इसी रनवे पर बड़े एयरक्राफ्ट उतरते थे और टेकऑफ लेते रहे हैं एलेकिन अब इसे छोटा कर दिया गया हैए जिससे बड़े विमानों के संचालन में बाधा आ रही है। सांसद ने अधिकारियों से कहा कि रनवे की लंबाई को जल्द बढ़ाया जाए ताकि क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार हो सके। बैठक के दौरान सांसद सिंह ने अधिकारियों को एयरपोर्ट का पूरा मैप दिखाया और विस्तार से प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा की। सांसद व एयरपोर्ट अथॉरिटी की यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब मध्य प्रदेश के सतना जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में एयर कनेक्टिविटी की मांग लगातार बढ़ रही है।

# इको वाटिका सौंदर्यीकरण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 फरवरी. प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना के प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय के निर्देशन एवं इको प्रभारी डॉ. क्रांति मिश्रा के मार्गदर्शन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आज इको क्लब द्वारा एक सराहनीय गतिविधि का आयोजन किया गया।**




इस अवसर पर इको क्लब के सदस्यों द्वारा इको क्लब में निर्मित इको वाटिका का सौंदर्यीकरण किया गया। विद्यार्थियों ने क्यारियों का निर्माण किया, पौधों में मिट्टी, खाद एवं जल का समुचित प्रबंध किया तथा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इको प्रभारी डॉ. क्रांति मिश्रा जी ने स्वयं इको क्लब के सदस्यों के साथ सहभागिता करते हुए स्वच्छता अभियान में भाग लिया.

### शिक्षकों से अभद्रता करने वाले शिक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी

**सतना 06 फ़रवरी.** सतना जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक उदयलाल दिनकर को शराब के नशे में संस्था में उपस्थित होकर शिक्षकों के साथ अभद्रतापूर्वक बात करने, अपशब्द कहे जाने एवं शिक्षकीय गरिमा के विपरीत आचरण किये जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# द लवडेल में कक्षा 12 का विदाई समारोह धूमधाम से मना

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 फरवरी. द लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 31 जनवरी को कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का आयोजन कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा किया गयाए जिन्होंने रंगारंग एवं मनोरंजक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया।इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल के रूप में पार्थ



सारथी मिश्रा तथा मिस फेयरवेल के रूप में नीलाक्षी पांडेय का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक श्री विनय सिंहए विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती श्रीति सोम एवं मैडम श्रीमती पूजा सिंह द्वारा सैशे और क्राउन पहनाकर सम्मानित किया गयाए जिससे विद्यार्थियों का उत्साह और बढ़ गया।संस्था के चेयरमैन श्री मृगेन्द्र सिंह ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनकी आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु संचालन में विद्यालय के सभी शिक्षक.शिक्षिकाओं का सराहनीय सहयोग रहा। यह विदाई समारोह विद्यार्थियों की स्मृतियों में एक यादगार पल के रूप में सदा अंकित रहेगा।

## एक नजर में



### ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट दूसरे दिन हुए 4 मुकाबले

**सतना।** स्वामी जी फिलिंग पेट्रोल पंप के पीछेए मुख्तियारगंज में आयोजित भव्य ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन खेल और उत्साह का संगम देखने को मिला। सनातनी सेवक पंडित रत्नाकर चतुर्वेदी शिशवाश् एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में राजू पटनहा कृषि उपज व्यापारी संघ अध्यक्ष और लोकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने की।

### अध्यापक संघ आठ को निकालेगा पेंशन रैली

**सतना।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ द्वारा आठ फ़रवरी को जिला मुख्यालय पर आयोजित पेंशन रैली को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारी स्कूलों में संपर्क अभियान चला रहे हैं। जिला अध्यक्ष केशव प्रताप सिंह और प्रान्तीय प्रवक्ता विनय कनौजिया ने बताया की सतना जिले में दोपहर 12 बजे धवारी चौराहा धरना स्थल में सभा आयोजित होगीए जिसके बाद रैली निकाली जाएगी। सभा के उपरांत 2रू30 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम कलेक्टर महोदय को लंबित 21 सूत्रीय मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### आजीवन सहयोग निधि के संयोजक विजय तिवारी बने

**सतना।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता 'श्यामू' ने बताया कि



भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय के मार्गदर्शन एवं जिला संयोजक विजय तिवारी के नेतृत्व में अभियान को सफल बनाने हेतु सह जिला संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इस दायित्व के लिए परशुराम गुप्ता एवं अनिल सचदेव को सह जिला संयोजक बनाया गया है।



### सीएसई शोधार्थी पूनम भारतीय को पीएचडी . की उपाधि

**सतना.** श्रीमती पूनम भारतीय, पत्नी अरुणेन्द्र सिंह, को ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना (मध्य प्रदेश) द्वारा कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने प्रो. मुक्ता भटेले के कुशल मार्गदर्शन में कम्प्यूटेशनल टेक्निक्स फॉर ट्रैफिक कंजेशन प्रेडिक्शन यूज़िंग एन्सेम्बल डीप लर्निंग अप्रोच विषय पर अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया।